श्याम स्टोर
घाघरा चुन्नी, पीला, चुनड़ी, बेलबूंटी व फैन्सी साड़ियों के विक्रेता
143/1/1 कॉटन स्ट्रीट
कोलकाता - 700 007
फोन : 033-2268 0941
मो. 9982040521

सीकर, चूरू, झुंझुनूं जिलों के संगम स्थल से नियमित प्रकाशित लोकप्रिय समाचार पत्र

# समाजदूत

साप्ताहिक

सदैव संरक्षक : डॉ. गंगाप्रसाद शास्त्री साहित्यरत्न

स्वर्ण जयन्ती कीर्तिमान प्राप्त

वार्षिक सहयोग :- 100/-

भारत सरकार के रजिस्टर्ड नं. R.N. 7249/59 पोस्टल नं. सीकर /03/2021-2023

E-mail :- samajdootramgarh@rediffmail.com

राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

वर्ष :- 64 अंक :-19 दिनांक 16 मई 2022 रामगढ़-शेखावाटी 331024

## फतेहपुर में रामगढ़ रोड़ पर मोदीसन राजकीय महाविद्यालय का राष्ट्रसंत श्री रतिनाथजी महाराज के सान्निध्य में मोदी परिवार की बाल प्रतिभा वीर मोदी के करकमलों से भव्य शिलान्यास व सम्मान समारोह आयोजित




संत श्री रतिनाथजी महाराज से आशीर्वाद लेते हुए श्री गिरधारीलाल मोदी व श्री वीर मोदी




भामाशाह श्री गिरधारीलाल मोदी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए विधायक हाकम अली




बाल प्रतिभा श्री वीर मोदी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए विधायक हाकम अली



विधायक हाकम अली का सम्मान करते हुए भामाशाह श्री गिरधारीलाल मोदी



श्री जय मोदी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए विधायक हाकम अली




श्री जयराम मिश्रा व श्री थावरमल महिचा का सम्मान करते हुए विधायक हाकम अली



समारोह को सम्बोधित करते हुए भामाशाह श्री जी.एल. मोदी

फतेहपुर। दिनांक 14 मई को फतेहपुर के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मोदीसन राजकीय महाविद्यालय हेतु चूरू रोड़ पर दो जांटी बालाजी मंदिर के पास करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाले सरकारी कॉलेज के लिए भामाशाह श्री गिरधारीलाल मोदी एवं मोदीसन चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा निर्मित भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रसंत श्री रतिनाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हाकम अली खान थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह श्री जीएल मोदी के पौत्र वीर मोदी ने की। मोदीसन चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा राजकीय महाविद्यालय के लिए करीब 3 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से जमीन और करोड़ों रूपये की लागत से भवन का निर्माण कर राजस्थान सरकार को प्रदान किया जा रहा है। समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री जय मोदी, श्रीमती परिधि मोदी, श्री संजीव गोयल, श्रीमती सोना गोयल, श्री सज्जन बजाज, नगरपालिका अध्यक्ष फतेहपुर श्री मुश्ताक नजमी, रामगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष श्री दूदाराम चोहला, नगरपालिका उपाध्यक्ष रामगढ़ श्री जमील कुरेशी, फतेहपुर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री अजय रिणवां, कांग्रेस जिला महासचिव श्री पवन दाधीच, श्री जयराम मिश्रा सहित फतेहपुर के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हाकम अली खान ने कहा कि भामाशाह जीएल मोदी ट्रस्ट के द्वारा बनाए जा रहा यह विशाल भवन 1 साल में बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि



**सदैव संरक्षक**

**स्व. डॉ. गंगाप्रसाद शास्त्री**

# समाजदूत साप्ताहिक सम्पादकीय

**16 मई 2022**

## कहा चला गया आपसी सौहार्द्र

देश एक अनजाने से पथ पर चल पड़ा है? एक ऐसा पथ जिसका लक्ष्य किसी को पता नहीं है? एक ऐसा मार्ग जिसका कोई अंत नहीं है? और एक ऐसी डगर जिसमें सिवाय विफलता के और कुछ किसी को कभी मिल ही नहीं सकता? आखिर यह है हमारी चिन्ता का सबब? क्या कारण है कि हमारे देश के अलग अलग हिस्सों में अचानक से धार्मिक आयोजनों के दौरान एक दूसरे समुदायों के द्वारा विरोध करते हुए विवाद करना एक मात्र संयोग है? पूरे देश में हो रहे है आपसी विवाद जो हमारी भारत की सनातनी परम्परा पर एक कुठाराघात है। भारत के अन्दर आज जो विवादों का नया सिलसिला चल पड़ा है कहीं उसका मूल कारण विरोधी ताकतों के द्वारा देश के विकास की राह को कमजोर करना तो नहीं है। यहीं है मुख्य कारण। जिस प्रकार से एक लम्बे समय तक कश्मीर और उसके पहले पंजाब में आतंकवाद की दूनिया को बसाया गया और उसके लिए लम्बा काम किया गया वह एक सोची समझी साजिश थी। दिल्ली में एक वर्ष पूर्व हुए दंगों में अगर कोई साजिश नहीं हो सकती है तो यह गलत है। दिल्ली में जो घटना हुई थी वह एक चिंगारी नहीं बम थी। इसका समय रहते ही इलाज हो गया लेकिन अब देश विरोधी ताकतों के द्वारा स्वयं सामने न आकर देश के अन्दर हमारे ही लोगों के मन में गलत बात और गलत धारणाओं को रखकर काम किया जा रहा है जिसके कारण हमारे देश के लोग ही एक दूसरे के विरोधी के रूप में काम करने लग जाते है और देश में आपसी दंगों का रूप ले लिया जाता है। विरोध होता है तो कभी भाजपा और कभी कांग्रेस के नाम पर। ना तो यह कांग्रेस का काम है और ना ही भाजपा का। यह काम है देश विरोधी ताकतों का। हम बन जाते है इनके मोहरे। चंद चालों के बाद जब हमें समझ में आता है तब तक तो हमारा देश में एक दंगे के रूप में दाग लग जाता है जो हमारे लिए एक चिन्ता की बात है। आज इस देश के विरोध में हो रहे कामों को मिलकर रोकने की आवश्यकता है। इस बात के लिए हमें सामूहिक रूप से काम करना चाहिए कि हमारे देश में किसी भी प्रकार से कोई भी धार्मिक बात दंगों का रूप ना ले ले।


Frank Ross Ltd.

Bharat Store

Chemists & Druggists

Franchisee Bharat Store

195/1, M.G.Road, Kolkata - 700 007


## रामगढ़ गौरव उद्योगपति स्व. श्री रामप्रसाद चमड़िया के अग्रज भ्राता श्री महावीरप्रसाद चमड़िया का देवलोकगमन



श्री महावीरप्रसाद चमड़िया

रामगढ़ शेखावाटी के दिल्ली प्रवासी यशस्वी उद्योगपति रामगढ़ गौरव स्व. श्री रामप्रसाद चमड़िया के अग्रज भ्राता श्री महावीरप्रसाद चमड़िया का दिनांक 10 मई 2022 को दिल्ली में आकस्मिक देवलोकगमन हो गया। श्री महावीरप्रसाद चमड़िया शान्त स्वभाव के बड़े ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे तथा विगत माह ही आपके द्वारा मातृभूमि रामगढ़ में आकर निवास किया था। श्री महावीरप्रसाद चमड़िया अपने पीछे सुपुत्र जयप्रकाश, प्रेमप्रकाश तथा भतीजे मयंक सहित भरापूरा परिवार छोड़ा है। दिनांक 13 मई 2022 शुक्रवार को मातृभूमि रामगढ़ में एक दिवसीय श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया जिसमें श्री चमड़िया को श्रद्धांजली दी गई।

हमारे द्वारा यह प्रयास किया जायेगा कि 6 माह बाद ही यहां पर कक्षाएं शुरू किए हो जाएं। उन्होंने कहा कि कॉलेज स्वीकृत होने से पहले वह ट्रस्ट के लोगों से मिले थे फिर मुख्यमंत्री से जाकर कहा था कि हम भवन भामाशाह के द्वारा बनवा लेंगे आप कॉलेज की स्वीकृति प्रदान करें। इस पर मुख्यमंत्री ने कॉलेज की स्वीकृति दी थी। विधायक ने कहा कि जीएल मोदी ट्रस्ट का यह उल्लेखनीय कार्य पीढ़ी दर पीढ़ी याद रहेगा। विधायक हाकम अली खान ने कहा कि संत रतिनाथ महाराज के आशीर्वाद से ही कॉलेज की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री को शिलान्यास के लिए बुलाना चाहते थे लेकिन ट्रस्ट ने कहा कि वह संत श्री रतिनाथ जी महाराज को बुला रहे हैं तो उन्होंने कहा कि उनसे बड़ा तो कोई नहीं है। समारोह को सम्बोधित करते हुए भामाशाह श्री गिरधारीलाल मोदी ने कहाकि उनके द्वारा पिछले सात वर्षों से इस प्रस्ताव के लिए काम किया जा रहा था लेकिन जब विधायक हाकम अली खान से इस बाबत सम्पर्क हुआ तो यह काम एकदम आसान हो गया और पिछले पांच दिनों में यहां पर बिजली कनेक्शन, पानी की व्यवस्था और नाम परिवर्तन जैसें कई काम तुरन्त हो गए। आज हमारा सौभाग्य है कि हम इस कार्यक्रम में फतेहपुर की सबसे बड़ी आवश्यकता राजकीय महाविद्यालय का शिलान्यास कर रहे है। मोदी परिवार के द्वारा निरन्तर भविष्य में भी इस दिशा में काम किया जायेगा जिससे मातृभूमि फतेहपुर के विकास को गति मिले। कार्यक्रम में श्री जयराम मिश्रा ने पधारे हुए अतिथियों का आभार व सभी गणमान्यजनों को कोटि कोटि धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समारोह में पूर्व प्रधान सुनीता कड़वासरा, प्रधान प्रतिनिधि महिपाल नेहरा, उप प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह, रामावतार गोयनका, कॉलेज प्रिंसिपल रामचंद्र, महावीर भोजदेसर, एसडीएम दयानंद रूयल, तहसीलदार फारूक अली खान, सीबीईओ बजरंगलाल स्वामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि बतौर अथिति मौजूद थे।



भूमि पूजन करते हुए श्री जय मोदी एवं श्रीमती परिधि मोदी

## श्रीकृष्ण गौशाला रामगढ़ में गर्मियों में गायों को दिया जा रहा तरबूज, पारा 47.5 पार, भयंकर गर्मी



रामगढ़ शेखावाटी। श्रीकृष्ण गौशाला रामगढ़ के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गायों को भयंकर गर्मी से बचाव के लिए तरबूज खिलाने का महान् पुण्य का कार्य किया जा रहा है। श्रीकृष्ण गौशाला के अध्यक्ष श्री राजेन्द्रप्रसाद सर्राफ ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गौशाला के द्वारा गायों को भयंकर गर्मी से बचाव के लिए बरसात होने तक तरबूज खिलाने का कार्य भामाशाहों दानदाताओं के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्य में गौशाला के मंत्री श्री रेखाराम खीचड़ व कोषाध्यक्ष श्री शिवप्रसाद सोनी के नेतृत्व में पूरी कमेटी के द्वारा अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। जिससे गौमाता को करीब 50 डिग्री तापमान में गर्मी से राहत मिल सकें।

## राधेश्याम कूंज का पूजा विधि के साथ गृह प्रवेश, प्रीतिभोज समारोह आयोजित

रामगढ़ शेखावाटी। रामगढ़ शेखावाटी के रूइया गली क्षेत्र निवासी ख्याति प्राप्त विप्र गौरव स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा के सुपुत्रों के द्वारा अपने नवनिर्मित निवास स्थान राधेश्याम कूंज का गृह प्रवेश वैदिक पूजा विधि के साथ दिनांक 7 मई 2022 को सानन्द सम्पन्न किया। विप्र गौरव मुम्बई प्रवासी गुरूजी वास्तु एवं ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र मीरा भाईन्दर संचालक व भूतनाथ पंचाग निर्माता आचार्य पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि युवा पं. रवि कुमार शर्मा के आचार्यत्व एवं श्री गौरीशंकर शर्मा एवं श्रीमती पुष्पादेवी शर्मा तथा मुम्बई हाईकोर्ट के युवा अधिवक्ता श्री तरूण शर्मा एवं श्रीमती रिंकी देवी शर्मा के यजमानत्व में दिनांक 6 मई को भगवान गणपति पूजन, षोड्समित्रिका, घृतमात्रिका, स्थिर लक्ष्मीपूजन, गायत्री पूजन एवं रात्रि हवन का आयोजन एवं दिनांक 7 मई को प्रातः 8.15 बजे गृह प्रवेश व रात्रि को प्रीतिभोज समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विप्र समाज की प्रतिभाएं, परिजन, परिवारजन, ईष्ट मित्र, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित गणमान्यजनों के द्वारा भाग लिया गया और समस्त शर्मा परिवार को नवनिर्मित आवास के गृह प्रवेश समारोह की हार्दिक बधाईयां दी। उल्लेखनीय है कि स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे तथा सम्पूर्ण शर्मा परिवार उनके पदचिन्हों पर चल रहा है तथा मातृभूमि की सेवा में अपना योगदान प्रदान कर रहा है। समाजदूत लोकमंच की हार्दिक बधाईयां।





सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

अब राजस्थान में सबके लिए

# नि:शुल्क इलाज



“ स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च प्रत्येक परिवार की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। राजस्थान सरकार ने एक मानवीय पहल करते हुए **मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना** प्रारंभ की है जिससे सभी प्रदेशवासियों को **नि:शुल्क** बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

इस योजना के अंतर्गत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में हार्ट, कैंसर, न्यूरो, कोविड, ब्लैक फंगस जैसी गंभीर बीमारियों एवं कॉकलियर इम्प्लांट, बोन-मैरो ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट ट्रांसप्लांट, लीवर ट्रांसप्लांट, घुटना प्रत्यारोपण और डायलिसिस जैसे महंगे इलाज भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

मुझे प्रसन्नता है कि अब तक प्रदेश में 12 लाख से अधिक मरीजों ने इस योजना के अंतर्गत लगभग 1400 करोड़ रुपये के नि:शुल्क इलाज का लाभ प्राप्त किया है। प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान करने के दिशा में यह हमारा एक विनम्र प्रयास है। मैं आशा करता हूँ कि राजस्थान की तरह प्रत्येक देशवासी को इसी प्रकार नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। ”

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान

## हैल्थकेयर का राजस्थान मॉडल

मुख्यमंत्री
**चिरंजीवी**
स्वास्थ्य बीमा योजना

राजस्थान के हर परिवार को
**₹10 लाख**
का **नि:शुल्क** स्वास्थ्य बीमा

साथ में
**₹5 लाख**
का दुर्घटना बीमा

एवं

सरकारी अस्पतालों में
**ओपीडी एवं आईपीडी**
दवा जांचें सहित पूर्ण इलाज **नि:शुल्क**

• प्रदेश का कोई भी परिवार योजना से जुड़ सकता है •

• कर्मचारियों और पेंशनर्स परिवारों को CGHS की तर्ज पर RGHS की कैशलेस इलाज की सुविधा •

पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट http://chiranjeevi.rajasthan.gov.in देखें या 181/18001806127 पर फोन करें


सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम

# प्रथम पुण्यतिथि पर लाटा परिवार का सादर नमन्

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नयं भूत्वा वा न भयः ।
अजो नित्याः शाश्वतोक्यं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।





जन्म
2-1-1947

देवलोकगमन
29-5-2021



# श्रीमती गंगा लाटा

(धर्मपत्नी श्री रामगोपाल लाटा – रामगढ़ शेखावाटी के मुम्बई प्रवासी)

## की प्रथम पुण्यतिथि

ज्येष्ठ कृष्णा चतुर्थी संवत् 2079 दिनांक 19 मई 2022

## पर लाटा परिवार का शत् शत् नमन्

हर खुशी में कुछ कमी रह जाती है,
आँखे थोड़ी शबनमी रह जाती है।
जिन्दगी को हम कितना भी संवारे,
बिन आपके कोई न कोई कमी रह जाती है।

श्रद्धावंत :
रामगोपाल लाटा (पति)
सुनिल लाटा – अनिता लाटा, अनिल लाटा – नम्रता लाटा (पुत्र – पुत्रवधु)
आकांक्षा, आस्था, अभिषेक, अक्षय (पौत्री – पौत्र) एवम् समस्त लाटा परिवार

राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम राम

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आर.के. शास्त्री, श्रीशास्त्री प्रेस, शिव मन्दिर के पास, रामगढ़-शेखावाटी से मुद्रित एवं प्रकाशित, सम्पादक आर.के. शास्त्री, सह सम्पादक रमाकान्त शास्त्री